प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने आज बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई ने एक बयान में कहा, 87 दशमलव 98 प्रतिशत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह संख्या पिछले वर्ष से शून्य दशमलव छः पांच प्रतिशत अधिक है। इस परीक्षा में 24 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और 1 लाख 16 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हांसिल किये है। छात्रों की तुलना में इस बार छह दशमलव चार प्रतिशत ज्यादा छात्राओं ने बाजी मारी है।

....

जयपुर में शिक्षा संकुल मे आज शिक्षा का अधिकार–आरटीई की लॉटरी निकाली जायेगी। शिक्षा सचिव कृष्ण कुनाल यह लॉटरी निकालेंगे। निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आरटीई के तहत लगभग 3 लाख आवेदन मिले है। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश की लगभग 35 हजार स्कूलों में प्रवेश मिलेगा। गौरतलब है कि आरटीई के माध्यम से विद्यार्थियों को निजी स्कूलों की 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। इसके लिए आवेदन 10 मई तक स्वीकार किये गये थे।

....

आज जयपुर बम विस्फोट कांड की बरसी है। 13 मई 2008 को सिलसिलेवार हुए बम धमाकों में 70 से अधिक लोगों की जानें गई थीं और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। आज शहर में कई संगठनों की ओर से श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस बीच आज जयपुर शहर के अलग–अलग इलाकों में कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई–मेल मिला। स्कूलों के प्रधनाचार्यो को ई–मेल के जरिये मिली इस धमकी के बाद विद्यालय स्टाफ पुलिस और प्रशासन ने तुरंत सतर्कता बरती। कई स्कूलों ने अभिभावकों को सूचना कर बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया, तो वहीं प्रशासन ने स्कूल स्टाफ और बच्चों को जल्द से जल्द बाहर निकालकर बम स्क्वॉयड की टीमों के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक कोई अप्रिय घटना होने की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले कल जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। लेकिन एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

....

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश की 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ सीटें, बिहार की पांच तथा झारखंड और ओडिशा की एक–एक सीट शामिल हैं। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज वोट डाले जा रहे है। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चलेगा। इस चरण में 17 करोड 70 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग करेंगे। कुल एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार मैदान हैं।

....

पुष्कर में आज मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। पुलिस की ओर से आज स्वस्थ, स्ट्रांग आौर फिट पुष्कर थीम पर आयोजित इस मैराथन को जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने पुष्कर के मेला मैदान से रवाना किया। यह दौड़ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मेला मैदान पर ही आकर सम्पन्न हुई। इस मैराथन में पुष्कर और अजमेर सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने भाग लिया और पुष्कर की पवित्रता को बनाए रखने और फिट रहने का संदेश दिया।

....

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा और बीकानेर संभाग में आज दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ कहीं कहीं आंधी और हल्की बारिश की संभावना है। आंधी बारिश की

गतिविधियां आज और कल उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं दर्ज हो सकती है। शेष अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।मौसम विभाग के अनुसार 15 मई से पश्चिमी राजस्थान में फिर से लू का दौर शुरू हो सकता है। वहीं आगामी 72 घंटों में राज्य के कुछ भागों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है।

....

करौली के करणपुर में प्रसिद्ध गुमानोमाता का मेला आज से शुरू हो गया है। 3 दिन तक चलने वाले इस मेले में कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

....